# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली--

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-01.06.2025**

**पुलिस उप महानिरीक्षक सहारनपुर, परिक्षेत्र सहारनपुर महोदय द्वारा थाना कैराना का वार्षिक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनाँक 01.06.2025 को श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक सहारनपुर, परिक्षेत्र सहारनपुर महोदय श्री अभिषेक सिंह द्वारा थाना कैराना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा थाना कैराना पर सलामी लेने के उपरांत थाने के महत्वपूर्ण अभिलेखों को चैक किया गया। थाने पर फरियादियों व महिला फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु थाने पर जनसुनावाई/महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुरुष/महिला कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्दश दिये गये। CCTNS कार्यालय पर फीडिंग होने वाली सूचनाओं, लंबित विवेचना, हवालात का निरीक्षण किया गया, साथ ही कैराना थाना के समस्त पुलिस कर्मियों की समस्याओ को सुनकर उनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा पाई गई खामियों को दुरुस्त करने के लिए मातहत को बताया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना कैराना को प्रभावी चैकिंग व आगामी त्योहारों को दृष्टिगत सतर्कता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक महोदय द्वारा ग्राम प्रहरीयों को लाठी व अंगवस्त्र दिये गये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम, अपर पुलिस अधीक्षक शामली श्री संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कैराना श्री श्याम सिंह व प्रभारी निरीक्षक थाना कैराना श्री धर्मेन्द्र सिंह व अन्य उपनिरीक्षक/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने के मामलें में वांछित अभियुक्त गिरफ्तारः-**

ज्ञात हो कि थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में पीडिता के परिजन द्वारा दिनाँक 28.04.2025 को थाना कैराना पर लिखित तहरीर दी गयी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 01.06.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.सागर पुत्र श्रवण निवासी मौहल्ला पट्टी चौधरान थाना बड़ौत जनपद बागपत।




**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**